सफलता की कहानी

स्कीम : ईएसडीपी स्कीम

कार्यक्रम का नाम : उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम (ईएपी) .

कार्यक्रम समन्वयक अधिकारी : गौरव गोयल, सहायक निदेशक (औप्रप्र)

प्रशिक्षण अवधि : दिनांक 23–9–2019 से 04–10–2019

प्रशिक्षणार्थी का नाम : श्री ऋषभ चिपड़े

पिता का नाम : श्री आर.डी.चिपड़े

पता : बावा रेस्ट्रो कैफे,
महाकाल फुड झोन, उज्जैन (म.प्र.)

बावा कैफे लॉन्ज
देवास रोड़, विक्रम वि.वि.रोड़, उज्जैन

मोबाईल नं. : 8770144880

पारिवारिक पृष्ठभूमि :

श्री ऋषभ चिपड़े का जन्म छत्तीसगढ़ के बिलासपुर शहर में मध्यमवर्गीय परिवार में हुआ। इनके पिताजी शासकीय बैंक इंदौर मुख्य प्रबंधक पद से सेवानिवृत्त होकर उज्जैन में स्थायी हुए । श्री ऋषभ के परिवार में माता–पिता के अलावा एक बड़ी बहन भी है । इन्होंने अहमदाबाद से कार्पोरेट मैनेजमेंट में बीबीए का कोर्स किया है । ऋषभ को प्रारम्भ से ही स्वयं का रोजगार स्थापित करने में रूचि रही है ।

ईएपी कार्यक्रम के संबंध में :–

उनकी स्वयं के रोजगार की इच्छा को साकार होने की संभावना को तब बल मिला , जब उन्होंने दैनिक भास्कर इंदौर समाचार पत्र में एमएसएमई विकास संस्थान, इंदौर द्वारा आयोजित किए जाने वाले उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का विज्ञापन देखा । इसके संदर्भ में उन्होंने कार्यालय में संपर्क कर

अपना आवेदन श्री गौरव गोयल सहायक निदेशक के मार्गदर्शन में जमा करवाया । उनके प्रशिक्षण कार्यक्रम में चयन

पश्चात उन्होंने दिनांक 23–9–2019 से संस्थान के द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने प्रशिक्षण कार्यक्रम में पूर्ण सक्रियता एवं तत्परता से अतिथि वक्ताओं एवं संस्थान के अधिकारियों द्वारा सत्र के दौरान उद्यमिता, शासकीय योजनाओं पर दी गई जानकारियों एवं प्रोजेक्ट प्रोफाईल तैयार करना आदि, को समझा साथ औद्योगिक इकाईयों के भ्रमण में बहुत रूचि से भाग लिया। श्री ऋषभ को प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर संस्थान के **निदेशक प्रभारी श्री डी.सी.साहू** के द्वारा प्रशिक्षण प्रमाण–पत्र संख्या : 3147/EAP/MSME/2019-20/17 दिनांक 09–10–2019 प्रदान किया गया ।

स्वयं का उद्योग स्थापित करना :–

एमएसएमई से प्राप्त प्रशिक्षण के उपरान्त श्री ऋषभ को उद्योग स्थापित करने की प्रक्रिया के संबंध में जो अनभिज्ञता थी वह दूर हुई एवं उद्यमिता के संबंध में मोटिवेशनल व्याख्यानों ने उनके आत्मविश्वास में वृद्धि की एवं उन्होंने स्वयं का रोजगार स्थापित करने का निर्णय लिया । संस्थान के अधिकारियों के द्वारा समय –समय पर प्राप्त मार्गदर्शन एवं पर्यटक स्थल उज्जैन में होटल व्यवसाय की अच्छी संभावनाओं को देखते हुए श्री ऋषभ ने रू. 5.00 लाख रूपये की स्वयं की पूॅजी से उज्जैन के प्रसिद्ध बाबा महाकाल मंदिर परिसर , फुड झोन में उच्च गुणवत्ता की खाद्य सामग्री के साथ शुद्ध एवं शाकाहारी **बावा रेस्ट्रो एवं कैफे** की नींव रखी । प्रशिक्षण के दौरान व्यवसाय में गुणवत्ता के महत्व समझने के पश्चात उन्होंने अपने व्यवसाय में गुणवत्ता को मूलमंत्र बताया। उनके द्वारा प्रारम्भ में 05 लोगों को रोजगार देते हुए वर्तमान में कुल 10 से अधिक लोगों को रोजगार दिया गया है । **बावा रेस्ट्रो एवं कैफे** की सफलता के बाद ऋषभ चिपड़े ने उज्जैन में ही अपना दूसरा संस्थान उज्जैन के विक्रम वि वि. रोड़ उज्जैन पर **बावा कैफे** लॉन्ज स्थापित किया जिसे भी सफलतापूर्वक संचालित किया जा रहा है ।

श्री चिपड़े अपनी उक्त सफलता के लिए एमएसएमई विकास संस्थान को श्रेय देते हैं एवं धन्यवाद करते हैं। श्री ऋषभ एमएसएमई डीआई, इंदौर द्वारा समय –समय पर आईपीआर, मार्केटिंग, एवं खाद्य सुरक्षा से संबंधित कार्यशालाओं एवं जागरूकता कार्यक्रमों में नियमित भाग लेते हैं एवं अपने उद्योग को और अधिक उन्नत करने के लिए संस्थान के अधिकारियों से समय–समय पर मार्गदर्शन भी प्राप्त करते हैं ।

———————————————